HINDUSTAN PAGE 6

एलयू : 12 केन्द्रों पर लॉ आठ पर बीबीए की परीक्षा

लखनऊ, कार्यालय संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय ने शनिवार को एलएलबी तीन वर्षीय और एलएलबी इंटीग्रेटेड जून 2022 परीक्षा के केन्द्रों की सूची जारी कर दी है। एलएलबी के साथ ही बीसीए, बीबीए, बीबीए (आईबी) और बीबीए (एमएस) की परीक्षा के लिए भी केन्द्रों की सूची जारी कर दी है।

एलएलबी की परीक्षाओं के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय फैकल्टी ऑफ लॉ, डीएवी डिग्री कॉलेज, केकेसी, शिया पीजी कॉलेज, अकबरी बेगम लॉ कॉलेज, मां वैष्णो देवी लॉ कॉलेज, सेंट मदर टेरेसा विधि महाविद्यालय, नरवर्रेदश्वर लॉट कॉलेज, हीरालाल यादव लॉ कॉलेज, गीता लॉ कॉलेज, रेडियंट कॉलेज ऑफ लॉ एवं यूनिटी डिग्री कॉलेज को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। बीसीए चौथे और छठे सेमेस्टर की परीक्षा के लिए पांच, बीबीए की परीक्षाओं के लिए आठ एवं एलएलबी की परीक्षाओं के लिए 12 केन्द्र बनाए गए हैं। वहीं बीबीए की परीक्षा 8 केंद्रों पर होगी।

डी फार्मा की परीक्षाएं छह जून से : एलयू ने डीफार्मा इन फार्मेसी वार्षिक थ्योरी परीक्षा का कार्यक्रम जारी कर दिया। डीफार्मा की परीक्षा छह जून से 16 जून तक सुबह नौ से 12 की पाली में होगी। छह जून को फार्मास्टिकल केमेस्ट्री थ्योरी, आठ को फार्मास्टिकल थ्योरी की परीक्षा होगी। विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम वेबसाइट पर है।

ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म 17 जून तक भरें

एलयू एवं सम्बद्ध महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं सम सेमेस्टर जून 2022 के ऑनलाइन परीक्षा फार्म 17 जून तक भर सकेंगे। परीक्षा नियंत्रक विद्यानन्द त्रिपाठी ने बताया कि सम सेमेस्टर जून 2022 बीए, बीएससी, बीकॉम एवं पीजी और लॉ तीन वर्षीय एवं आनर्स इंजीनियरिंग संकाय एवं आईएमएस द्वितीय सेमेस्टर के नियमित एवं बैक पेपर परीक्षा फार्म ऑनलाइन भरने की अन्तिम तिथि 17 जून निर्धारित की गई है।

स्नातक पांचवे सेमेस्टर का परिणाम जारी

एलयू स्नातक विषम सेमेस्टर की परीक्षाओं के बाद परिणाम जारी किए जा रहे हैं। जिसके अन्तर्गत शनिवार को बीए पांचवे सेमेस्टर की परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया गया है। परीक्षा नियंत्रक विद्यानन्द त्रिपाठी ने कहा कि छात्र www.lkouniv.ac.in पर परीक्षा परिणाम देख सकते हैं।

i-NEXT PAGE 4

लखनऊ यूनिवर्सिटी ने जारी किया एग्जाम प्रोग्राम

बीबीए के एग्जाम 5 तो एलएलबी के 12 सेंटर पर

एलएलबी, बीबीए, बीसीए सम सेमेस्टर परीक्षाओं के केंद्र तय

LUCKNOW(28 MAY): लखनऊ विश्वविद्यालय ने एलएलबी, बीबीए व बीसीए सम सेमेस्टर एग्जाम के लिए शनिवार को केंद्रों का निर्धारण कर दिया है. 12 केंद्रों पर एलएलबी, पांच पर बीसीए और आठ केंद्रों पर बीबीए की सम सेमेस्टर की परीक्षाएं होंगी. परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि इसकी सूची वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर अपलोड की जा रही है. विद्यार्थी अपने केंद्र आवंटन की जानकारी वेबसाइट से ले सकते हैं.

एलएलबी परीक्षा के लिए केंद्र

एलयू (विधि संकाय), डीएवी डिग्री कॉलेज, श्री जय नारायण मिश्र पीजी कॉलेज, शिया पीजी कॉलेज सीतापुर रोड, अकबरी बेगम लॉ कॉलेज फैजाबाद रोड, मां वैष्णो देवी ला कॉलेज, सेंट मदर टेरेसा विधि महाविद्यालय लोनापुर गोमती नगर, हीरा लाल यादव लॉ कॉलेज सरोजनी नगर, नर्वदश्वर लॉ कॉलेज चिनहट, गीता लॉ कॉलेज लोनापुर गोमती नगर विस्तार, रेडियंट कॉलेज ऑफ ला अमेठिया सलेमपुर, यूनिटी डिग्री कॉलेज हरदोई रोड.

बीसीए सेमेस्टर परीक्षा केंद्र

लखनऊ विश्वविद्यालय (इंजीनियरिंग संकाय), लखनऊ पब्लिक कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज गोमती नगर, टेक्नो इंस्टीट्यूट ऑफ हायर स्टडीज अनौरा अयोध्या रोड, अर्जुनगंज विद्या मंदिर अर्जुनगंज, जेएनपीली कॉलेज.

ये भी बनाए गए सेंटर

बीबीए, बीबीए आइबी, बीबीए एमएस के एग्जाम इन केंद्रों पर होंगे- लखनऊ विश्वविद्यालय (आईएमएस भवन नवीन परिसर), श्री गुरु नानक गौतम बुद्ध मार्ग चारबाग, श्री जय नारायण डिग्री कॉलेज स्टेशन रोड चारबाग, शिया पीजी कॉलेज सीतापुर रोड, चंद्र भूषण गुप्त कृषि महाविद्यालय बीकेटी, रामा महाविद्यालय चिनहट, टेक्नोलाजी इंस्टीट्यूट ऑफ हायर स्टडीज, अनौरा फैजाबाद रोड, लखनऊ पब्लिक कॉलेज आफ प्रोफेशनल स्टडीज गोमती नगर.

बीए पांचवें सेमेस्टर का रिजल्ट जारी

लखनऊ विश्वविद्यालय ने शनिवार शाम को बीए पांचवें सेमेस्टर के रिजल्ट जारी कर दिए हैं. परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि इसमें 15,446 स्टूडेंट्स के रिजल्ट शामिल हैं. स्टूडेंट्स विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर रिजल्ट देख सकते हैं. यूनिवर्सिटी की वेबसाइट पर पूरा रिजल्ट उपलब्ध करा दिया गया है.

प्रो. अनिल बने रसायन विज्ञान के विभागाध्यक्ष

LUCKNOW लखनऊ विश्वविद्यालय ने रसायन विज्ञान विभाग के शिक्षक प्रो. अनिल मिश्रा को विभागाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी है. विभाग के हेड के रूप में उनका कार्यकाल 29 मई से तीन वर्ष की अवधि अथवा अधिवर्षता आयु पूरी होने या अन्य कोई आदेश होने तक रहेगा. इस संबंध में कुलसचिव डा. विनोद कुमार सिंह ने निर्देश जारी किए हैं.

संजय चेयरमैन व डा. नागेंद्र बने कोषाध्यक्ष

LUCKNOW लखनऊ विश्वविद्यालय ने डिपार्टमेंट आफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग के हेड संजय मेघावी को लखनऊ यूनिवर्सिटी एथलेटिक एसोसिएशन का चेयरमैन बनाया है. अभी तक इस पद पर डा. देशदीपक तैनात थे. वहीं, कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी एप्लाइड इकोनामिक्स विभाग के डा. नागेंद्र कुमार मौर्या को दी गई है.

JAGRAN CITY PAGE III

एलएलबी, बीसीए सम सेमेस्टर परीक्षाओं के केंद्र तय

12 केंद्रों पर एलएलबी, पांच पर बीसीए, आठ केंदों पर बीबीए की होंगी परीक्षाएं

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने एलएलबी, बीबीए व बीसीए सम सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए शनिवार को केंद्रों का निर्धारण कर दिया है। 12 केंद्रों पर एलएलबी, पांच पर बीसीए और आठ केंद्रों पर बीबीए की सम सेमेस्टर की परीक्षाएं होंगी। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि इसकी सूची वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर अपलोड की जा रही है। विद्यार्थी अपने केंद्र आवंटन की जानकारी वेबसाइट से ले सकते हैं।

एलएलबी परीक्षा के लिए केंद्र : लखनऊ विश्वविद्यालय (विधि संकाय), डीएवी डिग्री कालेज, श्री जय नारायण मिश्र पीजी कालेज, शिया पीजी कालेज सीतापुर रोड, अकबरी बेगम ला कालेज फैजाबाद रोड, मां वैष्णो देवी ला कालेज, सेंट मदर टेरेसा विधि महाविद्यालय लोनापुर गोमती नगर, हीरा लाल यादव ला कालेज सरोजनी नगर, नर्वदेश्वचर ला कालेज चिनहट, गीता ला कालेज लोनापुर गोमती नगर विस्तार, रेडियंट कालेज आफ ला अमेठिया सलेमपुर, यूनिटी डिग्री कालेज हरदोई रोड।

गीरीए चौथे, छठे सेमेस्टर परीक्षा केंद्र : लखनऊ विश्वविद्यालय (इंजीनियरिंग संकाय), लखनऊ पब्लिक कालेज आफ प्रोफेशनल स्टडीज गोमती नगर, टेक्नो इंस्टीट्यूट आफ हायर स्टडीज अनौरा अयोध्या रोड, अर्जुनगंज विद्या मंदिर अर्जुनगंज, श्री जय नारायण पीजी कालेज।

इन केंद्रों पर परीक्षाएं : लखनऊ विश्वविद्यालय (आइएमएस भवन नवीन परिसर), श्री गुरु नानक गौतम बुद्ध मार्ग चारबाग, श्री जय नारायण डिग्री कालेज स्टेशन रोड चारबाग, शिया पीजी कालेज सीतापुर रोड, चंद्र भूषण गुप्त कृषि महाविद्यालय बीकेटी, रामा महाविद्यालय चिनहट, टेक्नोलाजी ईस्टीट्यूट आफ हायर स्टडीज, अनौरा फैजाबाद रोड, लखनऊ पब्लिक कालेज आफ प्रोफेशनल स्टडीज गोमती नगर।

बीए पांचवें सेमेस्टर के परिणाम जारी: लखनऊ विश्वविद्यालय ने शनिवार शाम को बीए पांचवें सेमेस्टर के परिणाम जारी कर दिए हैं। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि इसमें 15,446 विद्यार्थियों के परिणाम शामिल हैं। छात्र-छात्राएं विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर नतीजे देख सकते हैं।

इग्नू : जून-2022 की सत्रांत परीक्षाएं 22 जुलाई से

जासं, लखनऊ : इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) ने जून-2022 की सत्रांत परीक्षाओं का प्रस्तावित डेट शीट जारी कर दी है। यह परीक्षाएं 22 जुलाई से शुरू होकर पांच सितंबर तक चलेंगी। इसका विस्तृत कार्यक्रम इग्नू की वेबसाइट http\//www.ignou.ac.in पर अपलोड कर दिया गया है। बीसीए, बीकाम, बीएड, बीएससी सहित विभिन्न पाठ्यक्रमों की इन परीक्षाओं के लिए परीक्षा फार्म भरने के लिए पोर्टल जल्द ही खोला जाएगा। विश्वविद्यालय ने आनलाइन परीक्षा फार्म भरने संबंधी निर्देश भी जारी किए हैं।

कोई त्रुटि संशोधन के लिए विद्यार्थी निर्धारित प्रारूप पर ई-मेल datesheet@ignou.ac.in पर भेज सकते हैं। इसमें क्रम संख्या, नामांकन संख्या, पाठ्यक्रम का नाम, पाठ्यक्रम कोड जहां तिथि व सत्र समान है, यह लिखना होगा। इसके अलावा कई पाठ्यक्रमों के प्रश्नपत्र वस्तुपरक प्रकार (एमसीक्यू) ओएमआर पैटर्न पर भी होंगे। इनमें बीसीए, बीएसडब्ल्यू, सीएलआइएस, सीबीएस सहित विभिन्न प्रोग्राम के कोर्स हैं, जिनमें यह व्यवस्था लागू होगी। इग्नू की वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक लखनऊ डा. अनुपमा सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय ने प्रस्तावित परीक्षा कार्यक्रम जारी किया है। अभी इसके परीक्षा फार्म भरवाए जाएंगे।

पीएचडी प्रवेश परीक्षा के परिणाम जारी : इग्नू ने पीएचडी प्रोग्राम जुलाई-2021 के लिए प्रवेश परीक्षा के परिणाम भी जारी कर दिए हैं। वेबसाइट http\//www.ignou.ac.in पर पर चयनित अभ्यर्थियों की सूची अपलोड की गई है। इसमें पालिटिकल साइंस में 12, ट्रांसलेशन स्टडी आठ, वोकेशनल एजुकेशन एंड ट्रेनिंग चार, लॉ सात, टूरिज्म एंड हास्पिटैलिटी सर्विस मैनेजमेंट सात, हिंदी आठ, उर्दू 16, इंटर डिसिप्लनरी एंड ट्रांस डिसिप्लनरी स्टडीज नौ, इनरोलमेंट साइंस 12, केमेस्ट्री छह, लाइफ साइंस चार, मैथमेटिक्स चार, जियोलाजी में तीन विद्यार्थी चयनित हुए हैं।

लखनऊ विश्वविद्यालय : 17 जून तक भरे जाएंगे सम सेमेस्टर परीक्षा फार्म

लखनऊ विश्वविद्यालय एवं सहयुक्त महाविद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं जून-2022 की सम सेमेस्टर परीक्षाओं के फार्म 17 जून तक भर सकते हैं। बीए, बीएससी, बीकाम (द्वितीय,चतुर्थ, छठे), परास्नातक, प्रकोष्ठीय परास्नातक, परास्नातक डिप्लोमा, बीकाम आनर्स बीएससी, एमएससी कृषि, बीएड, एमएड, बीपीएड, एमपीएड (द्वितीय, चतुर्थ), ललित कला संकाय एवं अन्य सेमेस्टर पाठ्यक्रमों के के नियमित व बैक पेपर एवं अन्डजेस्टेड की परीक्षाओं के आनलाइन परीक्षा फार्म वेबसाइट से भरे जा सकेंगे। इसके अलावा विधि तीन वर्षीय एवं आनर्स, इंजीनियरिंग संकाय एवं आइएमएस दूसरे सेमेस्टर के विद्यार्थियों को भी मौका दिया गया है। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने साफ कहा है कि लखनऊ विश्वविद्यालय के नियमित विद्यार्थियों को परीक्षा फार्म भरकर शुल्क रसीद के साथ विभागाध्यक्ष अथवा संकायाध्यक्ष कार्यालय में जमा करना है। वहां से 21 जून तक परीक्षा फार्म की सूची परीक्षा विभाग को भेजनी होगी। बैक पेपर वालों को भी इसी प्रक्रिया का पालन करना होगा। कालेजों को भरे गए परीक्षा फार्मों की अनुमोदित सूची परीक्षा शुल्क जमा करने के बाद 21 जून तक विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग को अनिवार्य रूप से उपलब्ध करानी होगी।

बीए पांचवे सेमेस्टर के परिणाम जारी: लखनऊ विश्वविद्यालय ने शनिवार शाम को बीए पांचवें सेमेस्टर के परिणाम जारी कर दिए हैं। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि इसमें 15,446 विद्यार्थियों के परिणाम शामिल हैं। छात्र-छात्राएं विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर नतीजे देख सकते हैं।

एलएलबी की परीक्षा तिथि बढ़ाने की मांग



लखनऊ विश्वविद्यालय में छह जून से एलएलबी की सम सेमेस्टर परीक्षाएं शुरू होनी है। इसी दौरान यूपीएससी की परीक्षाओं की तिथि भी तय है। ऐसे में एलएलबी के कई विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय से परीक्षा की तिथि 12 जून के बाद रखने की मांग की है। इसको लेकर उन्होंने विश्वविद्यालय को ट्विट कर अपनी समस्या बताई। बीते दिनों लखनऊ विश्वविद्यालय ने छह जून से एलएलबी इंटीग्रेटेड व एलएलबी तीन वर्षीय परीक्षा कार्यक्रम जारी किया था। अब विद्यार्थियों ने इसे बदलने की मांग की है। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी का कहना है कि कुछ विद्यार्थियों ने अपनी समस्या बताई है। यूपीएससी की परीक्षा पांच और 11 जून को है। अधिष्ठाता ला प्रो. सीपी सिंह को जानकारी दी गई है। वहां से जो भी प्रस्ताव आएगा, उस पर विचार किया जाएगा।

लवि ने वितरित की सेनेटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के माहवारी स्वच्छता जागरूकता अभियान के तहत शनिवार को अंतरराष्ट्रीय मासिक धर्म स्वच्छता दिवस के अवसर पर माल के वीरांगना ऊदा देवी राजकीय बालिका इंटर कालेज में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो .आलोक कुमार राय, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो . पूनम टंडन व उनकी टीम उपस्थित रही। (जासं)

स्टार्टअप पर कार्यक्रम

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के नवीन परिसर स्थित इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट साइंसेज (आइएमएस) में शनिवार को स्टार्टअप और इंटरप्रेन्योशिप विषय पर आधारित सेमिनार का आयोजन किया गया। ओडीओपी के अंतर्गत सलाहकार रोहित धीर और रोहित श्रीवास्तव ने इससे जुड़ी तमाम जानकारियां साझा कीं। विद्यार्थियों को बताया कि प्रदेश सरकार किस तरह से पूंजी, कार्य कौशल, सलाह, मार्गदर्शन, निगरानी आदि उपलब्ध कराने में मदद कर रही है। उन्होंने बताया कि स्टार्टअप, एमएसएमई की सुविधा के लिए एक वेबसाइट बनाई है। यहां आइएमएस की ओएसडी प्रो . विनीता काचर सहित उद्यमियों ने हिस्सा लिया। (जासं)

FIRST INDIA PAGE 13

CONQUERING THE FIGHT WITH HORMONES!

CITY FIRST

The health of girl students has always been a prime concern of Chancellor Anandiben Patel and under her able guidance voluminous work has been done in the state on Saturday. Inspired by the tremendous work of chancellor Lucknow university under the vision and leadership of Vice-Chancellor Prof Alok Kumar Rai launched a mega awareness campaign about the challenges regarding access to menstrual products and education about menstruation period-friendly sanitation facilities.

The first phase of this programme which covered 41 schools and colleges started on May 27 and on the second day of this programme May 28 which is celebrated as World Menstrual Hygiene Day the VC of the University of Lucknow along with his team went to four colleges Rajkiya High School, Khandasara; Rajkiya High School, Saspan: Rajkiya High School, Dhari; Virangana Uda Devi Rajkiya Balika Inter College of Mall region and interacted with the girl students in an attempt to break the taboo and stigma related to menstruation cycle.

To promote menstrual health and hygiene, Prof Alok Kumar Rai distributed Sanitary napkin vending machines and incinerators to the principal of these colleges and made a call for Swasth Bharat.

A nukkad natak on chuppi todo was organised by NSS students under the supervision of NSS coordinator Prof Rupesh Kumar and this invoked a feeling of confidence in the students.

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

लविवि : 12 केंद्रों पर होगी लॉ की परीक्षा

विवि प्रशासन ने बीबीए-बीसीए परीक्षा केंद्रों की सूची भी जारी की

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय की एलएलबी तीन वर्षीय व पांच वर्षीय पाठ्यक्रम की चौथे, छठवें, आठवें व दसवें सेमेस्टर की 6 जून से होने वाली परीक्षाओं का आयोजन 12 केंद्रों पर होगा। विवि प्रशासन ने बीबीए-बीसीए के भी परीक्षा केंद्रों की सूची जारी की है।

इसके अनुसार लॉ की परीक्षाएं लखनऊ विवि लॉ फेकेल्टी, डीएवी डिग्री कॉलेज, श्री जय नारायण डिग्री कॉलेज, शिया पीजी कॉलेज, अकबरी बेगम लॉ कॉलेज, मां

वैष्णो देवी लॉ कॉलेज, सेंट मदर टेरेसा विधि महाविद्यालय, हीरालाल यादव लॉ कॉलेज, नर्वदेश्वर लॉ कॉलेज, गीता लॉ कॉलेज, रेडिएंट कॉलेज ऑफ लॉ, यूनिटी डिग्री कॉलेज को केंद्र बनाया गया है। परीक्षा केंद्रों व कॉलेजों की विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि बीबीए चौथे व छठे सेमेस्टर के लिए विवि न्यू कैंपस, लखनऊ पब्लिक कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज, टेक्नो इंस्टीट्यूट ऑफ हायर स्टडीज, अर्जुनगंज विद्या मंदिर, जेएनपीजी डिग्री कॉलेज को सेंटर बनाया गया है। बीबीए के लिए लखनऊ विवि न्यू कैंपस, गुरुनानक गर्ल्स डिग्री कॉलेज, जेएनपीजी डिग्री कॉलेज, शिया पीजी कॉलेज, चंद्रभानु गुप्त कृषि महाविद्यालय, रामा महाविद्यालय, टेक्नो इंस्टीट्यूट ऑफ हायर स्टडीज, लखनऊ पब्लिक कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज को केंद्र बनाया गया है।

17 तक भरें परीक्षा फार्म

लविवि द्वारा बीए, बीएससी, बीकॉम (दूसरे, चौथे व छठे सेमेस्टर), पीजी, मैनेजमेंट, पीजी डिप्लोमा, बीकॉम ऑनर्स, बीएससी, एमएससी एग्रीकल्चर, बीएड, एमएड, बीपीएड, एमपीएड (दूसरे व चौथे सेमेस्टर), ललित कला संकाय, लॉ, इंजीनियरिंग, आईएमएस दूसरे सेमेस्टर के नियमित व बैक पेपर, छूटे छात्रों की परीक्षा के लिए ऑनलाइन परीक्षा फार्म 17 जून तक विवि की वेबसाइट पर भरे जा सकते हैं।

युवाओं को आत्मनिर्भर बनने के दिए मंत्र

स्टार्टअप और इंटरप्रेन्योरशिप पर कार्यशाला

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के आईएमएस और प्रदेश सरकार के सहयोग से शनिवार को विद्यार्थियों के लिए स्वरोजगार व उद्यमिता पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें अर्नेस्ट एंड यंग के रोहित धीर और रोहित श्रीवास्तव ने युवाओं को सरकार के विभिन्न प्रोत्साहन कार्यक्रम और अनुदान से जुड़ी जानकारियां साझा की। रोहित ने मुख्य रूप से परिणाम के बजाय प्रक्रिया पर ध्यान केंद्रित करने के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि प्रक्रिया के माध्यम से संघर्ष को कम किया जा सकता है। प्रदेश सरकार किस तरह से पूंजी, कार्य कौशल, सलाह, मार्गदर्शन, निगरानी आदि उपलब्ध कराने में मदद कर रही है। उन्होंने स्टार्टअप प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए औद्योगीकरण, डिजिटलीकरण, राजस्व मॉडल और कार्यशील पूंजी को प्रमुख आवश्यकता बताया। (माई सिटी रिपोर्टर)

प्रो. अनिल बने विभागाध्यक्ष

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने रसायन विज्ञान विभाग के शिक्षक प्रो. अनिल मिश्रा को विभागाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी है। विभाग के हेड के रूप में उनका कार्यकाल 29 मई से तीन वर्ष की अवधि अथवा अधिवर्षता आयु पूरी होने या अन्य कोई आदेश होने तक रहेगा। इस संबंध में कुलसचिव डा. विनोद कुमार सिंह ने निर्देश जारी किए हैं।(जासं)

संजय मेघावी बने चेयरमैन

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने डिपार्टमेंट आफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग के हेड संजय मेघावी को लखनऊ यूनिवर्सिटी एथलेटिक एसोसिएशन का चेयरमैन बनाया है। अभी तक इस पद पर डा. देशदीपक तैनात थे। वहीं, कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी एप्लाइड इकोनामिक्स विभाग के डा. नागेंद्र कुमार मौर्या को दी गई है।(जासं)

बीकाम आनर्स चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं अब 23 से

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने आठ जून से होने वाली बीकाम आनर्स चौथे और छठे सेमेस्टर की परीक्षाओं की तिथियों में बदलाव कर दिया है। अब यह परीक्षाएं 23 जून से शुरू होंगी। विश्वविद्यालय प्रशासन ने शनिवार देर रात इसका संशोधित कार्यक्रम जारी किया। परीक्षा विभाग ने सबसे पहले शुक्रवार को परीक्षा कार्यक्रम जारी किया था। उसके मुताबिक बीकाम आनर्स की चौथे सेमेस्टर की परीक्षा आठ जून और छठे सेमेस्टर की परीक्षा नौ जून से होनी थी। अब इसमें बदलाव किया गया है। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं 23 जून से पांच जुलाई तक और छठे सेमेस्टर की परीक्षाएं 24 जून से छह जुलाई तक तक होंगी। संशोधित विस्तृत कार्यक्रम वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर भी अपलोड किया जा रहा है।

TOI PAGE 2

LU gifts sanitary pad vending machines to four colleges

TIMES NEWS NETWORK

Lucknow: A team from Lucknow University distributed sanitary napkin vending machines and sanitary pad incinerators among four intermediate girls' colleges in Maal. The step was a part of its five-day women's health awareness campaign which culminated on Menstrual Hygiene Day on Saturday.

A team of LU faculty along with vice-chancellor Prof Alok Kumar Rai visited these colleges and made around 300 students aware of menstrual hygiene. A discussion with students on questions related to menstruation and a street play titled 'Chuppi Todo' were organised.

Prof Rai announced LU will organize health and diet counselling camps at these colleges. LU will also engage more than 1,500 students in 41 inter colleges of rural areas on menstruation and other subjects.

THE PIONEER PAGE 3

LU bid to spread awareness on menstrual hygiene

A street play being staged for menstrual hygiene awareness

PNS ■ LUCKNOW

Inspired by Governor Anandiben Patel and under the leadership of Vice-Chancellor Prof Alok Kumar Rai, the University of Lucknow started the first phase of a women's health awareness campaign in Inter colleges in rural areas around Lucknow from Sarojininagar block.

In the first phase of this campaign, LU will take the highly important social issue of breaking taboos around menstruation and problems related to women's health in 41 women's Inter colleges of five blocks around Lucknow.

In this context, the NSS students of Lucknow University have started an awareness campaign for girls through street plays. By distributing and installing sanitary napkin vending machines and incinerators in colleges, Lucknow University is setting a unique example of its commitment to the society for providing a clean and improved campus to girls for their physical health as well as psychological development.

The 5-day mega programme started with the distribution of sanitary napkin vending machines and incinerators to six Inter colleges by Lucknow University at Government UP Sainik Inter College and sharing information about simple yet important measures of a healthy life to more than 200 girl students.

They were given detailed information about the use of vending machines and incinerators, and their usefulness. The nodal officer of this programme is DSW Poonam Tandon and proctor Rakesh Dwivedi. Both of them described this programme as an important and commendable step by the vice-chancellor for the health of girls.

NSS programme coordinator Rupesh Kumar said: "For the formation of a healthy society, it's our responsibility to nurture good physical and mental health of students."

DIoS Amar Kant Singh, who was present on the occasion, said that this programme is a unique example of coordination of higher and secondary education. Along with principal of Government UP Sainik College Renu Singh, teachers and students of government High Schools in Benti, Khatola, and Palhenda participated in a first-of-its-kind discussion on menstrual health and importance of breaking the silence around the same.

AMRIT VICHAR PAGE 5

गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ बेटियां बनेंगी आत्मनिर्भर

सजगता

- लखनऊ विश्वविद्यालय में शुरू हुआ चुनौतियों से संबंधित मेगा जागरूकता अभियान

अमृत विचार, लखनऊ

शिक्षा के साथ-साथ बालिकाओं को स्वस्थ बनाने में लखनऊ विश्वविद्यालय अपनी अहम भूमिका निभायेगा। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के निर्देश के बाद लखनऊ विश्वविद्यालय ने मासिक धर्म संबंधी जरूरी उत्पादों तक पहुंच, जानकारी और समय अनुकूल स्वच्छता सुविधाओं के बारे में चुनौतियों से संबंधित एक मेगा-जागरूकता अभियान शुरू किया है।

इस कार्यक्रम के तहत पहले चरण में 41 स्कूल और कॉलेज शामिल हुए हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मासिक धर्म स्वच्छता दिवस के मौके पर राजकीय हाईस्कूल खंडसारा, राजकीय हाईस्कूल, सस्पनः राजकीय हाई स्कूल, धारी, मॉल क्षेत्र के वीरांगना उदा देवी राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं के साथ मासिक धर्म से संबंधित वर्जना को तोड़ने के प्रयास में बातचीत की गई। साथ ही उन्हें जागरुक भी किया गया।

लखनऊ विश्वविद्यालय में जागरूकता अभियान के दौरान जानकारी लेतीं छात्राएं। फोटो : अमृत विचार

कुलपति आलोक कुमार राय ने छात्राओं से बात करते हुए कहा कि वह चाहते हैं कि सभी उच्च शिक्षा प्राप्त करें और इस दिशा में उनकी हर मदद की जाएगी। उन्होंने इन कॉलेजों के लिए विश्वविद्यालय द्वारा स्वास्थ्य शिविर और आहार परामर्श शिविरों को आयोजित करने की भी घोषणा की। कुलपति ने कहा कि छात्राओं की हर संभव मदद की जायेगी। एनएसएस समन्वयक प्रो रूपेश कुमार की देखरेख में एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा चुप्पी तोड़ो नामक एक नुक्कड़ नाटक पेश किया गया। नाटक से छात्रों में आत्मविश्वास की भावना को जगाने की दिशा में काम किया गया।

लखनऊ विश्वविद्यालय की टीम बनी चैंपियन

अमृत विचार, लखनऊ। लखनऊ क्रिश्चियन कॉलेज को रोमांचक मुकाबले में शिकस्त देकर लखनऊ विश्वविद्यालय की टीम ने श्री राम लाल मेमोरियल बास्केटबॉल टूर्नामेंट में चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। लखनऊ पब्लिक कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज में इस तीन दिवसीय टूर्नामेंट का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लखनऊ विश्वविद्यालय के सहायक रजिस्ट्रार महेश चंद्र शुक्ला रहे। टूर्नामेंट में नौ टीमों ने भाग लिया था। इसमें एलपीसीपीएस, एमिटी यूनिवर्सिटी, लखनऊ यूनिवर्सिटी और लखनऊ क्रिश्चियन कॉलेज ने दमदार खेल का प्रदर्शन किया।

RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

लविवि ने जारी की बीबीए व लॉ परीक्षा केन्द्रों की सूची

लखनऊ (एसएनबी)। लखनऊ विश्वविद्यालय ने शनिवार को एलएलबी तीन वर्षीय और एलएलबी इंटीग्रेटेड जून2022 परीक्षा के परीक्षा केन्द्रों की सूची जारी कर दी है। एलएलबी के साथ ही बीसीए, बीबीए, बीबीए (आईबी) और बीबीए (एमएस) की परीक्षा के लिए भी केन्द्रों की सूची जारी कर दी गयी है। एलएलबी की परीक्षाओं के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय फैकल्टी ऑफ लॉ, डीएवी डिग्री कॉलेज, केकेसी, शिया पीजी कॉलेज, अकबरी बेगम लॉ कॉलेज, मां वैष्णो देवी लॉ कॉलेज, सेंट मदर टेरेसा विधि महाविद्यालय, नरवर्रेदश्वर लॉ कॉलेज, हीरालाल यादव लॉ कॉलेज, गीता लॉ कॉलेज, रेडियंट कॉलेज ऑफ लॉ एवं यूनिटी डिग्री कॉलेज को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। बीसीए चौथे और छठे सेमेस्टर की परीक्षा के लिए पांच, बीबीए की परीक्षाओं के लिए आठ एवं एलएलबी की परीक्षाओं के लिए 12 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं।

बीए पांचवे सेमेस्टर परीक्षा के परिणाम जारी : लखनऊ विश्वविद्यालय ने शनिवार को बीए पांचवे सेमेस्टर की परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। परीक्षा नियंत्रक विद्यानन्द त्रिपाठी ने बताया कि बीए पांचवे सेमेस्टर की परीक्षाओं में 15,500 छात्रछात्राएं शामिल हुए थे। छात्र लखनऊ विश्वविद्यालय की अधिकारिक वेबसाइट पर परीक्षा परिणाम देख सकते हैं।

17 जून तक ऑनलाइन भरे जा सकेंगे परीक्षा फार्म : लखनऊ विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालय के विद्यार्थी सम सेमेस्टर जून 2022 के ऑनलाइन परीक्षा फार्म 17 जून तक भर सकेंगे। परीक्षा नियंत्रक विद्यानन्द त्रिपाठी ने बताया कि सम सेमेस्टर जून 2022 बीए, बीएससी, बीकॉम (द्वितीय, चतुर्थ एवं छठा) एवं पीजी तथा लॉ तीन वर्षीय एवं आनर्स इंजीनियरिंग संकाय एवं आईएमएस द्वितीय सेमेस्टर के नियमित व बैक पेपर परीक्षा फार्म ऑनलाइन भरने की अन्तिम तिथि 17 जून निर्धारित की गई है। 21 जून तक ऑनलाइन परीक्षाफार्म भरकर सेमेस्टर शुल्क की रसीद विभागाध